# श्याम तेरा रूप बड़ा प्यारा मैं तो दिल हारा भजन लिरिक्स

श्याम तेरा रूप बड़ा प्यारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

तर्ज – गोरी तेरी गांव बड़ा प्यारा।

---

मोर की पखियाँ मुकट पे तेरे,
माथे तिलक विराजे,
कजरारी अँखियाँ है प्यारी,
अधर पे मुरली साजे,
जग में जवाब ना तुम्हारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

---

घुंघराले केशो की लटकन,
कान में तेरे कुण्डल,
ग्वालो की लाली है निराली,
चमके है मुख मंडल,
छाया सारे जग में उजियारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

---

तन केसरिया बागा सोहे,
होले से मुस्काये,
दीवाना ही करके छोड़े,
ऐसा जादू चलाये,
भूल गया मैं तो जग सारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

---

जो करता है हर पल तुमको,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम निहारुं,
‘श्याम’ कहे चरणों में तेरे,
जीवन सारा गुजारुं,
तन मन मैंने तुझपे वारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

---

श्याम तेरा रूप बड़ा प्यारा,
मैं तो दिल हारा देखा तुझे रे,
प्यारा प्यारा तेरा है नजारा,
चमके ज्यूँ सितारा देखा तुझे रे।bd।

स्वर – रवि बेरीवाल जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com